फा. सं 12016/05/2025- रा.भा (का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एनडीसीसी -II भवन, नई दिल्ली
**दिनांक: 21.05.2025**

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय :"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती" समारोह के अवसर पर आयोजित की जाने वाली वॉकेथॉन- रन फॉर फन (प्रतियोगिता) के संबंध में।**

कृपया दिनांक 17.04.2025 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन का संदर्भ लें।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में **''राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती''** समारोह का आयोजन नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 26 जून, 2025 को किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में दिनांक **15 जून 2025** को **वॉकेथॉन - रन फॉर फन (प्रतियोगिता)** आयोजित की जानी है।

2. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ना केवल स्वास्थ्य और फिट्नेस को बढ़ावा देना है बल्कि हमारी संस्कृति एवं राजभाषा के प्रति जागरूकता और उत्साह को भी बढ़ावा देना है।

3. प्रतियोगिता से संबंधित विशेष विवरण:

i. **मार्ग**- यह वॉकेथॉन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के गेट नंबर 1 से शुरू हो कर ठीक वहीं समाप्त होगी।

ii. **व्यवस्था** –वॉकेथॉन से जुड़ी व्यवस्थाएँ जैसे रिहाईड्रेशन की वस्तुएँ, दवाई, पानी आदि एवं अन्य व्यवस्थाएँ की जाएंगी।

iii. **पुरस्कार**- निम्न तीन श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे
प्रथम श्रेणी -प्रोफेशनल धावक,
द्वितीय श्रेणी - राजभाषा संवर्ग से जुड़े कार्मिक
तीसरी श्रेणी – उपरोक्त दो के अतिरिक्त अन्य सभी प्रतिभागी।

4. प्रत्येक श्रेणी में वॉकेथॉन पूरा करने वाले प्रथम 3 विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे एवं चौथे, पाँचवे एवं छठे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही जो भी प्रतिभागी इस वॉकेथॉन को पूरा करेगा उसे प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

5. वॉकेथॉन से जुड़े अन्य विवरण:
- तारीख – 15 जून 2025 (रविवार)
- समय – प्रातः 6:30 बजे (रिपोर्टिंग टाइम)
- स्थान- जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के गेट नंबर 1, नई दिल्ली।
- इस वॉकेथॉन की सीमा लगभग 05 कि.मी होगी।

6. सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों/ नराकासों एवं राजभाषा से जुड़े सभी संस्थानों/संगठनों से यह अपेक्षा है कि वे अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाएं। इस संबंध में सभी प्रतिभागी अपना पंजीकरण राजभाषा विभाग की वेबसाईट पर **https://164.100.54.224/run/#noback** पर दिनांक 10 जून 2025 तक करें। अन्य किसी भी जानकारी के लिए **ले. कर्नल मनीष कुमार सिंह, निदेशक** (रा.भा), नागर विमानन मंत्रालय से संपर्क (**9410141509**) कर सकते हैं।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)
दूरभाष : 011-23438143

सेवा में,

1. सभी मंत्रालयों/विभागों के संयुक्त सचिव (प्रशासन)- कृपया अपने कार्यालय के सीएसओएलएस संवर्ग के कार्मिकों के साथ-साथ राजभाषा से जुड़े सभी कार्मिकों की सहभागिता करवाएँ।
2. दिल्ली स्थित सभी 11 नराकासों के अध्यक्ष- कृपया स्वयं तथा सदस्य सचिव सहित अपने सभी संबंधित सदस्य कार्यालयों में राजभाषा से जुड़े अधिकाधिक कार्मिकों की सहभागिता करवाएँ।
3. सचिव, केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद, नई दिल्ली।
4. अपर सचिव, (पी 2) गृह मंत्रालय-सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक को सूचित करने हेतु।
5. सचिव, विश्व हिंदी परिषद, नई दिल्ली।
6. सचिव, भारतीय खेल प्राधिकरण।
7. सचिव, साहित्य अकादमी , नई दिल्ली।
8. विभागाध्यक्ष, एनबीटी, नई दिल्ली।
9. विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय हिंदी निदेशालय।
10. विभागाध्यक्ष ,वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग।
11. विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय हिंदी संस्थान, दिल्ली।
12. निदेशक, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, केन्द्रीय हिंदी शिक्षण संस्थान।
13. सचिव, संसदीय राजभाषा समिति।
14. राजभाषा विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी।
15. निदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण।
16. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, उत्तर-1 एवं उत्तर-2 क्षेत्र ,नई दिल्ली।
17. श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक, गृह मंत्रालय।
18. श्री केशव कुमार सैनी, एनसीसी अधिकारी, दयाल सिंह कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)- आयोजन के दिन अपेक्षित संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपलब्ध करवाने हेतु।
19. दिल्ली स्थित अन्य सभी केन्द्रीय सरकारी संगठन।

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. डीसीपी, हौज खास, नई दिल्ली।
2. डीसीपी, ट्राफिक, ग्रेटर कैलाश-2, नई दिल्ली।
3. अग्निशमन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली।
4. एनडीएमसी, नई दिल्ली- फर्स्ट ऐड एवं एम्बुलेंस की सुविधा के लिए।

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित:

1. सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी।
2. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव।